एक नजर में

## रोजाना बादाम खाना प्रीडायबिटीज वालों के लिए फायदेमंद

इंदौर. जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित नए शोध से पता चला है कि खानपान में एक छोटा सा बदलाव- रोज़ाना कुछ बादाम खाना- प्रीडायबिटीज़ से ग्रस्त मध्यम आयु वर्ग के एशियाई भारतीय वयस्कों में दिमागी कार्यक्षमता, मेटाबॉलिक स्वास्थ्य तथा सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव से जुड़े संकेतकों के लिए फायदेमंद हो सकता है. नई दिल्ली स्थित फोर्टिस-सीडॉक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डायबिटीज़, मेटाबॉलिक डिजीज़ एंड एंडोक्रिनोलॉजी के चेयरमैन और सह-अन्वेषक डॉ. अनूप मिश्रा का मानना है कि प्रीडायबिटीज़ से ग्रस्त वयस्कों में दिमागी कार्यक्षमता में गिरावट का खतरा रहता है. हमारा अध्ययन संकेत देता है कि खानपान में एक सरल बदलाव- रोज़ाना आहार में थोड़ी मात्रा में बादाम शामिल करना—कुछ लोगों में मस्तिष्क स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और दिमागी कार्यक्षमता को सुधारने में मदद कर सकता है.

## बजाज जनरल इंश्योरेंस ने पेश किया एमएचसीपी एज+

इंदौ बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज ही 'माय हेल्थ केयर प्लान एज+' (एमएचसीपी एज+) का शुभारंभ किया है. यह एक 'कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंडेमिनिटी' प्लान है, यानी कि यह आपकी सेहत के लिए खर्चों की भरपाई करने वाला प्लान है. इसे दिनोंदिन बढ़ते मेडिकल खर्चों के मद्देनज़र तैयार किया गया है. यह पॉलिसी 5 लाख रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के इंश्योरेंस कवरेज का विकल्प पेश करती है. बजाज जनरल इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ डॉ. तपन सिंघल ने कहा कि एमएचसीपी एज+ के ज़रिए हमने अपने ग्राहकों के लिए एक ऐसा प्रोडक्ट तैयार किया है जो कि इंश्योरेंस की दुनिया में मौजूद कमियों को दूर करते हुए न केवल बढ़ते मेडिकल खर्चों से आपको सुरक्षा देता है, बल्कि इंश्योरेंस में कवर न किए गए खर्चों से भी आपको बचाता है. संक्षिप्त रूप से देखें तो, यह एक ऐसा बेहतरीन प्लान है जो कि आपकी हर तरह ज़रूरत के मुताबिक है.

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी37 पावर

इंदौर. स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने नया मोटो जी37 पॉवर, मोटो जी37 और मोटो बड्स 2 को लॉन्च करने की घोषणा की है. मोटो जी37 पॉवर में इस सेगमेंट की सबसे बेस्ट 7000एमएएच बैटरी, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6400 प्रोसेसर द्वारा संचालित जबरदस्त 5जी परफॉर्मेंस, एक शानदार 120हर्ट्ज डिस्प्ले, 50 मेगापिक्सल का बेहतरीन एआई-पावर्ड क्वाड-पिक्सेल कैमरा सिस्टम और डॉल्बी एटमॉस स्टीरियो स्पीकर्स के साथ बेहतरीन ऑडियो एक्सपीरियंस को एक स्टाइलिश वीगन लेदर डिजाइन में समेटे हुए है. इसके साथ ही नए मोटो बड्स 2 को भी लॉन्च किया गया है. लॉन्च पर मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन ने कहा मोटोरोला में हमारा मकसद नई टेक्नोलॉजी को हर किसी तक पहुँचाना और प्रीमियम फीचर्स को भारतीय ग्राहकों के लिए आसान बनाना है.

## सोनी मैक्स पर सितारे जमीन पर का प्रीमियर 31 मई को

इंदौर. आमिर खान स्टारर सितारे ज़मीन पर अब अपने वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के लिए तैयार है. यह फिल्म 31 मई को दोपहर 1 बजे सोनी मैक्स पर प्रसारित होगी. सितारे ज़मीन पर ने अपनी सच्ची और सरल कहानी से दर्शकों के दिलों को छुआ. इसने दिखाया कि हर परिवार की अपनी अलग पहचान और गर्माहट होती है सबका अपना नॉर्मल. फिल्म ने इन अहम मुद्दों पर बातचीत शुरू की और परिवारों के बीच जुड़ाव और अपनापन को खूबसूरती से दिखाया. फिल्म में साथ रहने और साथ निभाने की भावनाओं को जिस तरह से दिखाया गया है, उसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया. फिल्म के केंद्र में आमिर खान का यह विश्वास है कि बच्चों और उनकी भावनाओं को कहानियों में सबसे पहले रखा जाना चाहिए.

## 'प्रीतम एंड पेड्रो' का प्रीमियर 3 जुलाई से

इंदौर. 'प्रीतम एंड पेड्रो' के साथ राजकुमार हिरानी अपना बहुप्रतीक्षित स्ट्रीमिंग डेब्यू कर रहे हैं, जिसमें उनकी खास पहचान- गर्मजोशी, भावनाएं और मानवीय कहानी कहने का अंदाज़- पहली बार लंबे फॉर्मेट की दुनिया में देखने को मिलेगा. जियोस्टार के हिंदी और इंग्लिश एंटरटेनमेंट बिज़नेस के प्रमुख आलोक जैन ने कहा राजकुमार हिरानी की कहानियों में हमेशा एक दुर्लभ क्षमता रही है, जो दर्शकों को हल्का महसूस कराने के साथ-साथ उन्हें अपने आसपास के लोगों और दुनिया से गहराई से जोड़ देती है. 'प्रीतम एंड पेड्रो' के साथ यह बेहद मानवीय दृष्टिकोण पहली बार स्ट्रीमिंग की दुनिया में प्रवेश कर रहा है, ऐसे फॉर्मेट में जहां दर्शक इन किरदारों और उनकी दुनिया के साथ कहीं अधिक करीब से जुड़ सकेंगे. 'प्रीतम एंड पेड्रो' के साथ रहस्य और रोमांच की अनजानी दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हो जाइए, 3 जुलाई से सिर्फ जियोहॉटस्टार पर.

## हूज योर गायनेक सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

इंदौर. लोकप्रिय कॉमेडी-ड्रामा 'हूज योर गायनेक?' अब नए सीज़न के साथ लौट रहा है. एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने दूसरे सीज़न का ट्रेलर जारी किया. इस नए सीज़न में डॉ. विदुषी कोठारी की वापसी होगी, ठीक उस मोड़ पर जब वह उस ज़िंदगी की ओर कदम बढ़ा रही हैं, जिसका सपना उन्होंने वर्षों से देखा था. द वायरल फीवर (टीवीएफ) और गर्लियापा द्वारा निर्मित और बनाई गई इस सीरीज़ में सबा आज़ाद मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी. 22 मई को प्रीमियर होने जा रहा हूज योर गायनेक? सीज़न 2 एक दिल छू लेने वाली कहानी पेश करेगा. एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा नए सीज़न में हम डॉ. विदुषी की कहानी को आगे बढ़ा रहे हैं, जहां वह अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी के बीच संतुलन बनाने की उथल-पुथल से गुजरते हुए खुद के नए पहलुओं को भी पहचानती है.

## एनएसई में ईजीआर की लाइव ट्रेडिंग शुरू

इंदौर. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने 18 मई से इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) सेगमेंट में लाइव ट्रेडिंग शुरू कर दी है. इससे पहले 16 मई को मॉक ट्रेडिंग का आयोजन किया गया था, जो बिना किसी तकनीकी दिक्कत या सिस्टम एरर के सफलतापूर्वक पूरा हुआ. इसके बाद आज लाइव ट्रेडिंग भी पूरी तरह सुचारु तरीके से शुरू हुई और सभी सिस्टम्स सही तरीके से काम करते रहे. ईजीआर प्रोडक्ट को लेकर एक्सचेंज को मार्केट पार्टिसिपेंट्स और पूरे इकोसिस्टम से शानदार प्रतिक्रिया मिली है. वॉल्टिंग और कलेक्शन सेंटर्स फिलहाल अहमदाबाद और मुंबई में शुरू हो चुके हैं. दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में चार नए सेंटर्स भी आज से शुरू किए जा रहे हैं. आगे चलकर यह नेटवर्क देशभर में 120 सेंटर्स तक बढ़ाया जाएगा.

## नीव फाउंडेशन ने शुरू किया समर रिलीफ अभियान

इंदौर. नीव फाउंडेशन ने भीषण गर्मी से प्रभावित लोगों, बाहरी श्रमिकों, लावारिस पशुओं और पक्षियों के लिए बड़े स्तर पर समर रिलीफ अभियान इस गर्मी, फर्क नजर आएगा शुरू किया है. यह अभियान राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र सहित छह राज्यों में चलाया जा रहा है. इस पहल पर बात करते हुए वंडर सीमेंट के डायरेक्टर और नीव फाउंडेशन के संस्थापक विवेक पटनी ने कहा भारत में गर्मियां लगातार ज्यादा कठिन होती जा रही हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर खुले में काम करते हैं. इस अभियान के जरिए हमारा उद्देश्य उन लोगों तक तुरंत और आसान राहत पहुंचाना है जो कठिन मौसम के बावजूद हमारे शहरों को चलाए रखते हैं. कई बार सबसे जरूरी मदद सबसे सरल होती है- चाहे वह एक गिलास पानी हो कुछ देर की छांव हो या मुश्किल समय में बुनियादी सहयोग.

## एएससीआई का एडवाइज़ कार्यक्रम 10 लाख छात्रों तक पहुंचा

इंदौर. एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया, यानी एएससीआई, ने आज घोषणा की कि उसके कक्षा-आधारित विज्ञापन साक्षरता कार्यक्रम एडवाइज़ने 10 लाख से अधिक छात्रों तक पहुंच बनाई है. उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली एनसीआर, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पंजाब, असम, गुजरात और तमिलनाडु के 2,063 स्कूलों में कुल 10,66,374 छात्रों तक यह कार्यक्रम पहुंचा है. इसका मकसद छात्रों को इस नए विज्ञापन माहौल को समझने के लिए जरूरी कौशल देना और विज्ञापनों की व्यावसायिक प्रकृति को पहचानने में सक्षम बनाना था. मनीषा कपूर, सीईओ और सेक्रेटरी जनरल, एएससीआई ने कहा मीडिया और विज्ञापन साक्षरता आज की दुनिया में महत्वपूर्ण जीवन कौशल हैं, जहां बच्चे बहुत छोटी उम्र से ही कंटेंट और ब्रांड्स के संपर्क में आ रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि आगे और ऐसे कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रम में इनके समावेश की दिशा में काम होगा।

## केंद्रीय मंत्री का हिंदुस्तान जिंक के दरीबा कॉम्प्लेक्स का दौरा

इंदौर कोयला और खान मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राजस्थान में हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स का दौरा किया. विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और विश्व की शीर्ष चांदी उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक की सिंदेसर खुर्द माइन और दरीबा स्मेल्टिंग की संचालन प्रणाली, आधुनिक तकनीक, श्रमिकों कर्मचारियों के सुविधाओं सहित कंपनी द्वारा सामुदायिक विकास के लिए किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली. इस यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में कंपनी की भूमिका को एक बार फिर से दोहराया है. केंद्रीय मंत्री ने दरीबा स्मेल्टिंग में दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स का दौरा किया. यहाँ उन्होंने कंट्रोल रूम, सेल हाउस और कैथोड यार्ड का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने हिन्दुस्तान ज़िंक की प्रोडक्ट गैलरी देखी. इस दौरान हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ अरुण मिश्रा और कोयला और खान मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक बाजपेयी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

# भीषण जलसंकट से जनता परेशान, विरोध में सड़कों पर उतरे रहवासी

- शहर में चारों ओर पानी को लेकर त्राहि त्राहि
- महिला पार्षद ने किया प्रदर्शन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में भीषण जल संकट पैदा हो गया है. शहर के हर कोने पानी की शिकायतें मिल रही है. हर तरफ पानी दो पानी दो का शोर मचा हुआ है. हालत बेकाबू हो चुके है. परिणाम स्वरूप गुस्से में लोग पानी के हाइड्रेड तोड़ने या फिर टैंकरों को लेकर लड़ने झगड़ने पर आमादा है. शहर के अधिकांश इलाकों में बोरिंग सुख गए है और नर्मदा से भी पर्याप्त पानी नहीं नहीं मिल रहा है. इसके कारण शहर की टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भरा रही हैं. आज पार्षद सोनिया मिमरोट भाटिया ने विशाल नगर में पानी को लेकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया. उनका कहना था कि त्रिवेणी नगर पानी की टंकी से वार्ड में लाला का बगीचा और रुस्तम का बगीचा में पानी की आपूर्ति ठीक थी. मगर दो नंबर के पार्षद लालबहादुर वर्मा ने बाले बाले बेकरी गली की लाइन जुड़वा दी और प्रेशर कम हो गया. जब बेकरी वाली गली के पानी का वॉल बंद किया तो लोगों को पानी मिलने लगा. इधर, वार्ड 45 के रहवासी और वार्ड 26 रहवासी आमने सामने हो गए. रहवासी रोज सुबह विधायक हार्डिया के घर पहुंच कर घेराव कर रहे हैं. आज रहवासियों ने बताया कि त्रिवेणी नगर के टंकी से सर्द पांच नंबर के वार्डो को पानी देने का तय किया गया था? फिर ये दो नंबर के पार्षद की गली की लाइन कैसे जोड़ दी निगम अधिकेरियों ने. बताया जा रहा है कि आज कनकेश्वरी देवी मंदिर में जल संकट के लेकर विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, एमआईसी राजेश उदावत और राजेंद्र राठौर के साथ जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा एवं अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक के साथ बैठक होगी. सभी दोनों विधानसभा में पानी आपूर्ति करने का रास्ता निकलने पर चर्चा करेंगे.

**शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन-**

पानी को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहवासी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं. आज विशाल नगर, तलावली चांदा, कमला नगर, श्रीराम नगर, एरोड्रम रोड के कुछ इलाकों में लोगो ने पानी की पूर्ति को लेकर सड़कों पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया.

### महापौर पहुंचे बीजलपुर हाइड्रेड



शहर में पानी नहीं मिलने की शिकायत का अंबार लगने और भीषण जल संकट के बीच आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बिजलपुर स्थित जल प्रदाय केंद्र का दौरा किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर में पानी की आपूर्ति और मांग की स्थिति का जायजा लिया. नियंत्रण कक्ष से ही सभी पार्षदों से चर्चा कर उनके-अपने वार्डों में जलापूर्ति की स्थिति तथा जानकारी प्राप्त की.

### निगम कमिश्नर की गाड़ी रोकी



छोटा बांगड़दा के रहवासियों ने पानी की समस्या को लेकर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल की कार रोक ली और घेराव कर दिया. यहां रहवासियों ने आयुक्त से पानी नहीं मिलने की शिकायत की और टैंकर बढ़ाने की मांग की.





# सड़कों पर दौड़ रही थीं खतरे की बसें

- जांच में बंद मिले इमरजेंसी गेट, खराब मिला फायर सिस्टम

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. इंदौर में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है. मंगलवार को आरटीओ और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने स्टार चौराहे पर अनफिट और बिना परमिट चल रही बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. जांच के दौरान कई बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी उजागर हुई.**

कार्रवाई के दौरान लोक परिवहन वाहनों, खासकर ऑल इंडिया टूरिस्ट बसों की जांच की गई. टीम ने बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम और आपातकालीन निकास व्यवस्था को परखा. कई बसों में इमरजेंसी एग्जिट बंद पाए गए, जबकि फायर एक्सटिंग्विशर जांच के दौरान खराब निकले और चालू ही नहीं हुए. इससे यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए. जांच में यह भी सामने आया कि कुछ बसें ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर नियमों के विपरीत स्टेज कैरिज के रूप में संचालित की जा रही थीं. परमिट शर्तों के उल्लंघन और सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर 8 बसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया. वहीं गंभीर खामियां मिलने पर दो बसों की फिटनेस तत्काल निरस्त कर दी गई. संयुक्त कार्रवाई में आरटीओ प्रदीप शर्मा, एसडीएम घनश्याम धनगर, एआरटीओ राजेश गुप्ता और उड़नदस्ता टीम प्रभारी आकाश सिठोले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में बवाल के बाद छात्रों का माफीनामा, प्रशासन ने दिखाई सख्ती



- हॉस्टल में तोड़फोड़ करने वाले छात्रों की पहचान
- भारी जुर्माना और कार्रवाई तय

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** आईईटी हॉस्टल में छात्रों द्वारा की गई हुड़दंग और तोड़फोड़ की घटना के बाद सभी छात्रों ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय प्रशासन से सामूहिक रूप से माफी मांगी है. छात्रों ने एक स्वर में अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी हरकत से कॉलेज प्रशासन और शहर की छवि धूमिल हुई है, जिसके लिए वे शर्मिंदा हैं. छात्रों ने प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होने देने का आश्वासन भी दिया.

वहीं, इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है. कुलगुरु डॉ राकेश सिंघाई ने स्पष्ट किया कि हॉस्टल में हुई तोड़फोड़ और हुड़दंग की घटना में शामिल छात्रों की पहचान कर ली गई है. जिन छात्रों की भूमिका सामने आई है, उन्हें तत्काल हॉस्टल खाली करने के निर्देश दिए गए हैं. कुलगुरु डॉ राकेश सिंघाई ने बताया कि कुछ छात्र माफी मांगने भी पहुंचे थे, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि इस निंदनीय कृत्य में शामिल छात्रों पर भारी आर्थिक दंड (फाइनेंशियल पेनल्टी) लगाया जाएगा. साथ ही फिलहाल परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया गया है. विश्वविद्यालय प्रशासन सभी छात्रों की स्क्रीनिंग करेगा और घटना में शामिल पाए जाने वाले छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. कुलगुरु ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय पहले भी नशाखोरी जैसी गतिविधियों में लिप्त छात्रों पर कार्रवाई कर चुका है और भविष्य में भी अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### अपराधिक पहलू सामने आने पर भी होगी कार्रवाई



यूजीसी के नियमों का हवाला देते हुए कुलगुरु ने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार का आपराधिक पहलू सामने आता है तो उस एंगल से भी मामले की जांच कर आवश्यक कार्र3वाई की जाएगी. हालांकि प्रथम दृष्टया यह मामला विश्वविद्यालय स्तर की अनुशासनहीनता का प्रतीत होता है. ऐसे में दोषी छात्रों पर कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

# मल्हारगंज मेट्रो स्टेशन को लेकर रहवासियों ने फिर किया प्रदर्शन

- पूर्व में मंत्री और पूर्व विधायक के साथ बैठक में सहमति बन चुकी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज मल्हारगंज के रहवासियों ने फिर मेट्रो स्टेशन को लेकर प्रदर्शन कर चक्काजाम किया. इस बार फिर रहवासियों को एक ही मांग थी कि मेट्रो स्टेशन से उनके मकानों को नुकसान होगा.**

छोटा गणपति पर मेट्रो स्टेशन निर्माण को लेकर रहवासियों का विरोध किया. इस दौरान दुकानदारों और रहवासियों ने चक्का जाम कर नारेबाजी की. मेट्रो की तानाशाही नहीं चलेगी, जैसे नारे लगाए गए. इस दौरान रहवासियों को शहर की पुरानी फतेहपुरिया धर्मशाला तोड़ने का किसी ने बताया. इसको लेकर ही रहवासियों न चक्काजाम और प्रदर्शन किया. ध्यान रहे कि छोटा गणपति पर मेट्रो अंडर ग्राउंड स्टेशन निर्माण कर रहा है. मल्हारगंज थाने के पास मेट्रो स्टेशन निर्माण की बाधा खत्म हो गई थी. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन और मेट्रो अधिकारियों की गोपनीय बैठक हुई थी. उक्त बैठक में छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन को लेकर मेट्रो अधिकारियों ने सत्तन और विजयवर्गीय को बताया कि 42 मकान तोड़े बगैर मेट्रो का स्टेशन बनाया जाएगा. मेट्रो की अंडर ग्राउंड स्टेशन की गहराई 38 मीटर कर दी है, जो पहले 20 मीटर थी. मेट्रो ने स्टेशन की लंबाई कम कर दी है और साथ ही गहराई भी दो की जगह तीन मंजिल करने की सहमति दी है.



### नुकसान नहीं होने की कही थी बात

मेट्रो अधिकारियों ने दोनों नेताओं को विश्वास के साथ बताया कि नेटम पद्धति से निर्माण होगा, जिसमें किसी तरह से किसी भी मकान और बिल्डिंग को नुकसान नहीं होगा. निर्माण के दौरान सेंसर लगाएं जाएंगे, जिससे मकान में नुकसान के पहले जानकारी लग जाएगी और मकान के सुरक्षा के साथ काम किया जाएगा. मेट्रो अधिकारियों की बात से सहमत होकर दोनों नेताओं ने सहमति दे दी और क्षेत्रीय रहवासियों को भरोसा दिया कि उनका नुकसान नहीं होगा और स्टेशन भी छोटा कर दिया है. इसके बाद आज फिर रहवासी विरोध प्रदर्शन करने उतर गए.



# श्रीति राशिनकर को समर्पण सम्मान

इंदौर. आपले वाचनालय, साहित्य कला संस्कृति केंद्र के माध्यम से भाषा समर्पित कार्यों के लिए श्रीति राशिनकर को सम्मानित किया गया. मराठी भाषियों की केंद्रीय संस्था बृहन्महाराष्ट्र मंडल, दिल्ली ने अपने शताब्दी वर्ष में संस्था के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले समर्पित सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित करने की गौरव श्रृंखला में उनके द्वारा मराठी भाषा की परीक्षाओं और निबंध स्पर्धाओं के माध्यम से भाषा उन्नयन के लिए दिए गए विशिष्ट अवदान के लिए यह सम्मान किया गया. मंडल के मदन बोबडे, अनिल दामले एवं श्रीमती बोबडे ने शॉल, सम्मान पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया.

# गीता भवन में भागवत महोत्सव 24 मई से

इंदौर. पुरुषोत्तम मास के पावन प्रसंग पर श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का दिव्य आयोजन 24 से 30 मई तक गीता भवन सत्संग सभागृह में आयोजित किया जा रहा है. महोत्सव का शुभारंभ गीता भवन परिसर में रविवार को दोपहर 2 बजे शोभा यात्रा के साथ होगा. आयोजन समिति के प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल एवं बिनोद-सुनीता अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, राजेश चेलावत एवं श्याम अग्रवाल मोमबत्ती की प्रेरणा से पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में यह दिव्य आयोजन किया जा रहा है.



# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम

इंदौर. सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा देशभर में आयोजित मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत इंदौर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना और उन्हें तेजी से बढ़ते व्यावसायिक माहौल से जोड़ना है.

कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद डफरिया उद्योगपति एवं राजू बड़जात्या उद्योगपति उपस्थित थे. इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय प्रमुख सुमन कुमार सिंह ने किया. इसके साथ ही केंद्रीय कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक कुशल पाल की गरिमामयी उपस्थिति थी. मुख्य महाप्रबंधक ने उद्यमियों को विभिन्न ऋण सुविधाओं, सरकारी योजनाओं और बैंक की ओर से उपलब्ध विशेष एमएसएमई उत्पादों की विस्तृत जानकारी प्रदान की.

आज सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से एमएसएमई उद्यमियों को आकर्षक और प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर 36 करोड़ की राशि के ऋण स्वीकृत किए गए. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमएसएमई उद्यमियों, स्टार्टअप संचालकों और व्यापार प्रतिनिधियों ने भाग लिया. क्षेत्रीय प्रमुख एस.के. सिंह ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती का आधार है और सेंट्रल बैंक इस क्षेत्र को अधिक से अधिक सहयोग देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. मिनी मुम्बई के नाम से प्रसिद्ध इंदौर में आयोजित यह मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम स्थानीय उद्यमियों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगा.

एक नजर में — निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शहर को दिया जा रहा आकर्षक कलात्मक स्वरूप

# कलात्मक कृतियों के साथ स्वच्छता का संदेश

इंदौर. स्वच्छता और सुंदरता के लिए पहचान बना चुका शहर इंदौर में अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों में और भी अधिक आकर्षक रूप में नजर आने वाला है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शहर की स्वच्छता के साथ-साथ उसकी सुंदरता को नई पहचान देने के उद्देश्य से इंदौर नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रमुख स्थलों, सार्वजनिक दीवारों, चौराहों एवं भवनों पर आर्टिस्टिक पेंटिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है. इस पहल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, रंगीन, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक स्वरूप प्रदान करना है.






नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, सरकारी भवनों, पुलों, स्कूलों की दीवारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक चित्रकारी और थीम आधारित पेंटिंग बनाई जा रही हैं. इन पेंटिंग्स में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, हरियाली, भारतीय संस्कृति, महिला सशक्तिकरण एवं इंदौर की ऐतिहासिक पहचान को विशेष रूप से दर्शाया जा रहा है. रंग-बिरंगी कलाकृतियां न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रही हैं बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दे रही हैं. गौरतलब है कि

स्वच्छ सर्वेक्षण में केवल साफ-सफाई ही नहीं बल्कि शहर की समग्र सुंदरता, नागरिक सहभागिता और सार्वजनिक स्थानों की आकर्षक प्रस्तुति को भी विशेष महत्व दिया जाता है. इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इंदौर को स्वच्छता के साथ सुंदरता की थीम पर विकसित किया जा रहा है. शहर के कई हिस्सों में स्थानीय कलाकारों एवं युवाओं की मदद से भित्ति चित्र बनाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय कला और प्रतिभा को भी प्रोत्साहन मिल रहा है. नगर निगम का मानना है कि जब शहर की दीवारें और सार्वजनिक स्थान सुंदर एवं प्रेरणादायक दिखाई देते हैं तो नागरिकों में भी स्वच्छता बनाए रखने की भावना मजबूत होती है.

**सहयोग की अपील-** महापौर एवं आयुक्त ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की जा रही है कि वे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखें, दीवारों को नुकसान न पहुंचाएं और शहर की सुंदरता बनाए रखने में अपनी सहभागिता निभाएं. नगर निगम द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है कि स्वच्छ और सुंदर शहर केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं बल्कि आम जनता के सहयोग से ही संभव है.